1543(E)
26/02/2026

## पथ निर्माण विभाग

## दिनांक 26/2/2026 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

पथ प्रमण्डल, दरभंगा के अन्तर्गत Widening & Strengthening of Jalley-Jogiyara-Makiya Road from Ch.-0.00 to 7.793 Km. (Total Length-7.793 Km.) for the year 2025-26 कार्य की पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में प्राप्त परिवाद, जिस पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा प्राप्त है, पर अनुमोदन हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

**उपस्थितिः**

(i) श्री पंकज कुमार पाल, सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(ii) श्री उमा कान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iii) श्री सुनील कुमार सुमन, मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iv) श्री मजीद अहमद, आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

2. दिनांक–30.12.2025 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही जो उपभागीय ज्ञापांक–3894 दिनांक–30.12.2025 द्वारा संसूचित है में लिये गये निर्णय के विरूद्ध प्राप्त परिवाद पर मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–15(अनु०) दिनांक–05.01.2026 के माध्यम से परिवाद पर दिनांक–05.01.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही एवं अनुशंसा के आधार पर विवरणी निम्नवत् है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.1 | कार्य का नाम | : | Widening & Strengthening of Jalley-Jogiyara-Makiya Road from Ch.-0.00 to 7.793 Km. (Total Length-7.793 Km.) for the year 2025-26 |
| 2.2 | योजना मद | : | 5054 |
| 2.3 | निविदा आमंत्रित करने वाले प्रमंडल का नाम | : | पथ प्रमंडल, दरभंगा। |
| 2.4 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹2310.63 लाख। विभागीय ज्ञापांक–6996(एस०) दिनांक–06.08.2025 |
| 2.5 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹2307.91 लाख। मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–2592(अनु०) दिनांक–16.08.2025 |
| 2.6 | परिमाण विपत्र की राशि | : | ₹2160.53619 लाख। |
| 2.7 | कार्य समाप्ति की अवधि | : | 12 (Twelve) Months |
| 2.8 | निविदा की प्रक्रिया | : | ई–टेंडरिंग (SBD) |

कार्यपटरीकृत निर्गत
पंजीयन सं०..................
..............................
दिनांक–..................

2.9 निविदा प्राप्ति की तिथि : 10.12.2025

2.10 प्राप्त निविदा क्या पुनर्निविदा है यदि हाँ तो कारण : पुनर्निविदा है। दिनांक–26.09.2025 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही, जो विभागीय ज्ञापांक–6706 दिनांक–26.09.2025 द्वारा संसूचित है, द्वारा उक्त कार्य की निविदा के वित्तीय बीड में प्रथम न्यूनतम निविदाकार M/s Vidyarthi Construction Pvt. Ltd. (L-1) का Available Bid Capacity वाँछित Bid Capacity से कम होने के कारण निविदा को रदद कर पुनर्निविदा आमंत्रित करने हेतु निदेश देने के फलस्वरूप कार्यपालक अभियंता द्वारा पुनर्निविदा आमंत्रित की गई है।

3. विषयांकित पुनर्निविदा में निम्नलिखित 06 (छः) संवेदकों द्वारा भाग लिया गया :–

(1) Mahesh Kumar Singh
(2) Vidyarthi Construction Pvt. Ltd.
(3) Satish Kumar Thakur
(4) Barhonia Engicon Pvt. Ltd.
(5) Alam Enterprises & Brothers
(6) Narsingh Singh

**4.** उपभागीय ज्ञापांक–3894 दिनांक–30.12.2025 द्वारा संसूचित दिनांक–30.12.2025 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में उक्त निविदा में छः निविदाकारों में से पाँच निविदाकार यथा (1) Mahesh Kumar Singh (2) Vidyarthi Construction Pvt. Ltd. (3) Barhonia Engicon Pvt. Ltd. (4) Alam Enterprises & Brothers एवं (5) Narsingh Singh को तकनीकी बीड में सफल एवं शेष एक निविदाकार Satish Kumar Thakur को SBD के ITB Cl.- 4.8 के आलोक में तकनीकी बीड में असफल घोषित किया गया।

विभागीय निदेश के अनुसार दो कार्य दिवस में इस निविदा में शामिल किसी निविदाकार का परिवाद/आपत्ति प्राप्त होने पर सक्षम स्तर से परिवाद निष्पादन के उपरांत ही वित्तीय बीड खोलने हेतु निदेश दिया गया।

**5.** उपभागीय ज्ञापांक–3894 दिनांक–30.12.2025 द्वारा संसूचित दिनांक–30.12.2025 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के निर्णय के संदर्भ में विषयांकित कार्य के पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में सफल निविदाकार Barhonia Engicon Pvt. Ltd. के पत्रांक–BEPL/PAT/01 दिनांक–01.01.2026, पत्रांक–BEPL/PAT/02 दिनांक–01.01.2026 एवं पत्रांक–BEPL/PAT/03 दिनांक–01.01.2026 द्वारा पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में सफल तीन निविदाकारों यथा (1) Vidyarthi Construction Private Limited (2) Mahesh Kumar Singh एवं (3) Alam Enterprises & Brothers के विरूद्ध परिवाद/अभ्यावेदन/आपत्ति समर्पित किये जाने के परिपेक्ष्य में मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–15(अनु०) दिनांक–05.01.2026 द्वारा तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही एवं अनुशंसा समर्पित की गई।

6. तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के उक्त निर्णय के विरूद्ध तकनीकी बीड में सफल निविदाकार, Barhonia Engicon Pvt. Ltd. के पत्रांक– BEPL/PAT/01 दिनांक–01.01.2026, पत्रांक– BEPL/PAT/02 दिनांक–01.01.2026 एवं पत्रांक–BEPL/PAT/03 दिनांक–01.01.2026 द्वारा तकनीकी बीड में सफल तीन निविदाकार, क्रमशः Vidhyarthi Construction Private Limited, Mahesh Kumar Singh एवं Alam Enterprises & Brothers के विरूद्ध परिवाद समर्पित किया गया है।

**परिवाद की समीक्षा :–**

| | परिवाद | समीक्षा |
|---|---|---|
| 1. | Barhonia Engicon Private Limited द्वारा प्राप्त परिवाद :–<br>(a) (i) Vidhyarthi Construction Private Limited के विरूद्ध परिवाद –<br>The Contractor does not have sufficient bid capacity to participate in the tender. I can see on RWD portal that the contractor has already been awarded two contracts RRSMP/2024-25 Darbhanga- 02/05 [Rs. 42.59 Crore] + RRSMP/2024-25 Darbhanga-01/05 [Rs. 31.88 Crore] and a RCD Tender in Muzzafarpur W/s Work of Nanaura Mohamaddpur Road [Rs. 20.81 Crore] – the data provided must be misleading to be accepted during the technical evaluation. | परिवाद के समीक्षोपरांत पाया गया कि Vidhyarthi Construction Private Limited द्वारा परिवाद में वर्णित कार्यों RRSMP/24-25 Darbhanga-2-05, RRSMP/24-25 Darbhanga-1-05, तथा पथ प्रमंडल, दरभंगा अन्तर्गत Nanaura-Mohammadpur पथ के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य को Existing Commitment में दर्शाया गया है। Vidhyarthi Construction Private Limited द्वारा RRSMP/24-25 Darbhanga-1-05 के एकरारनामा का कार्यपालक अभियंता द्वारा हस्ताक्षरित संबंधित पृष्ठ निविदा के साथ संलग्न किया गया है, जिसके अनुसार इस कार्य की एकरारनामा की राशि 3188.36858 लाख है। साथ हीं इन्होंने RRSMP/24-25 Darbhanga-1-05 में कराये गये सम्पादित कार्य की राशि का संबंधित कार्यपालक अभियंता से निर्गत प्रमाण–पत्र संलग्न किया गया है जिसके अनुसार कृत कार्य की राशि 1400.94141 लाख है, इस प्रकार इस कार्य में इनका Existing Comitment 3188.36858 – 1400.94141 = 1787.42717 लाख है। Vidhyarthi Construction Private Limited द्वारा इस कार्य के लिये अपना Existing Commitment उक्त राशि से अधिक 2787.43868 लाख निविदा में दर्शाया है। |

| | | |
|---|---|---|
| | | Vidyarthi Construction Pvt. Ltd. द्वारा RRSMP/24-25 Darbhang-2-05 के एकरारनामा का कार्यपालक अभियंता द्वारा हस्ताक्षरित संबंधित पृष्ठ निविदा के साथ संलग्न किया गया है, जिसके अनुसार इस कार्य की एकरारनामा की राशि रूपये 4259.01051 लाख है। साथ हीं इन्होने RRSMP/24-25 Darbhanga-2-05 में कराये गये सम्पादित कार्य की राशि का संबंधित कार्यपालक अभियंता से निर्गत प्रमाण–पत्र संलग्न किया है, जिसके अनुसार कृत कार्य की राशि 618.39115 लाख है। इस प्रकार इस कार्य में इनका Existing Commitment 4259.01051 – 618.39115 = 3640.61936 लाख है। Vidyarthi Construction Pvt. Ltd. द्वारा इस कार्य के लिए अपना Existing Commitment उक्त राशि से अधिक 3726.06581 लाख दर्शाया गया है।<br>Nanaura-Mohamdpur कार्य में निर्गत LOA निविदा के साथ संलग्न किया गया है, जिसके अनुसार कार्य की राशि 2081.78031 लाख है। इस पूरी राशि को इन्होंने Existing Commitment में दर्शाया है। इनके द्वारा दर्शाये गये Existing Commitment के आधार पर इनका Bid Capacity 2803.38 लाख है, जो वांछित अर्हत्ता Rs. 2160.53619 लाख से अधिक है। अतः परिवाद का यह बिन्दु अमान्य है। |

| | | |
|---|---|---|
| | (a) (ii) There is no formal agreement done between the tenderer and the contractor with Electrical licence. The electrical contractor has not been documented in the sub-contract part of the tender document. And also please check if the key item of electrical items is part of the work programme.<br>Please check above facts before proceeding to the financial evaluation process. | विभागीय पत्रांक–5446(E)We दिनांक–25.09.2017 में प्रावधानित है कि " those Contractors are allowed in this tender who either have license of Energy (Electricity) Department in his own name or have prior agreement with a contractor having lincense of Energy (Electricity) Department"<br>Vidyarthi Construction Pvt. Ltd. द्वारा M/s Rai Construction, Gopalganj का दिनांक–31.12.2027 तक वैध Electrical License निविदा के साथ Upload किया गया है, साथ ही इसमें M/s Rai Construction का शपथ–पत्र निविदा में संलग्न किया गया है, जिसमें अंकित है कि "Vidyarthi Construction Pvt. Ltd. को अगर पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, दरभंगा में कोई भी निविदा मिलती है जिसमें विद्युत से जुड़ा हुआ कोई भी कार्य होगा, वो कार्य मेरी फर्म करेगी"।<br>उक्त के आलोक में परिवाद का यह बिन्दु अमान्य है। |
| | (b) (i) Mahesh Kumar Singh के विरूद्ध परिवादः–<br>I would like to bring to your attention some observations regarding the tenderer. There are some shortcomings that will disqualify the tenderer.<br>The contractor was recently disqualified based on the fact that the Deed of takeover of Proprietorship Mahesh Kumar Singh by the Company M/s Mahesh Kumar Singh Construction Pvt. Ltd. had the same company stamp on both sides of the agreement. The Signatories on both sides are same however there is distinct difference between the sign. | प्राप्त परिवाद के समीक्षोपरांत पाया गया कि निविदा में Uploaded Deed of Takeover of Proprietorship, M/s Mahesh Kumar Singh by the Company Mahesh Kumar Singh Construction Pvt. Ltd. में 1st Party M/s Mahesh Kumar Singh के लिए Proprietor Mahesh Kumar Singh का हस्ताक्षर है तथा 2nd Party Mahesh Kumar Singh Pvt. Ltd. के लिए Company के one of the first directors, Pranay Kumar Singh (Mahesh kumar Singh के पुत्र) द्वारा हस्ताक्षरित है, परन्तु उक्त दोनों हस्ताक्षर के लिये Stamp एक ही हैं जो Director Mahesh Kumar Singh Construction Pvt. Ltd. के लिए है, परन्तु Deed of Takeover पर |

| | | |
|---|---|---|
| | Please find attached letter No. 8610 (E) dated 23/12/2025 of tender committee proceeding.<br>Please check above facts before proceeding to the financial evaluation process. | Proprietorship Firm के owner Mahesh Kumar Singh एवं Mahesh Kumar Singh Construction Pvt. Ltd. के One of the first Directors Pranay Kumar Singh का हस्ताक्षर है। निविदाकार अन्य अहर्त्ताओं को पूरा करते हैं तथा Deed of Takeover पर भी दोनों पक्षों का हस्ताक्षर है।<br>अतः परिवाद का यह बिन्दु अमान्य है। |
| | (C) (i) Alam Enterprises & Brothers के विरूद्ध परिवादः–<br>I would like to bring to your attention some observations regarding the tenderer. There are some shortcomings that will disqualify the tenderer.<br>1. The tenderer has incorrectly shown the bid capacity and withheld information regarding total work in hand. The total work in hand is close to full bidding capacity once you add up the balance work of existing commitments from various departments.<br>2. The contractor was disqualified recently in RWD due to bid capacity being full. The work in joint venture need to be shown in full for bid capacity calculation and not ratio. Please find letter attached.<br>Please check above facts before proceeding to the financial evaluation process. | Alam Enterprises and Brothers द्वारा विभिन्न कार्यों का Existing Commitment निविदा में दर्शाया गया है। साथ ही इसके सर्मथन में संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा निर्गत प्रमाण–पत्र निविदा में संलग्न किया गया है। इस निविदा में Alam Enterprises & Brothers द्वारा परिवाद में वर्णित कार्य, कार्य प्रमंडल, रोसड़ा के अन्तर्गत Package No.- RRSMP/24-25/01, Tender ID- 139894 को Existing Commitment में दर्शाया गया है। इसके समर्थन में इन्होंने संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा निर्गत प्रमाण–पत्र भी निविदा के साथ संलग्न किया गया है। Alam Enterprises and Brothers का Bid Capacity Rs. 4044.97 लाख है, जो वांछित अहर्त्ता Rs. 2160.53619 लाख से अधिक है।<br>अतः परिवाद का यह बिन्दु अमान्य है। |

**निष्कर्ष** :– तकनीकी बीड़ मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षोपरांत एवं सम्यक विचारोपरान्त Barhonia Engicon Pvt. Ltd. के पत्रांक–BEPL/PAT/01 दिनांक–01.01.2026, पत्रांक–BEPL/PAT/02 दिनांक–01.01.2026 एवं पत्रांक–BEPL/PAT/03 दिनांक–01.01.2026 द्वारा दिए गए परिवाद को उपरोक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में अमान्य करते हुए उपभागीय ज्ञापांक–3894 दिनांक– 30.12.2025 द्वारा संसूचित दिनांक 30.12.2025 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में लिये गये निर्णय को यथावत रखने हेतु अनुशंसा की जाती है।

7. विभागीय निविदा समिति का निर्णयः

7.1 मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–15(अनु०) दिनांक–05.01.2026 के माध्यम से पुनर्निविदा की तकनीकी बीड में प्राप्त परिवाद/आपत्ति/अभ्यावेदन पर दिनांक–05.01.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा के आधार पर सम्यक् विचारोपरान्त एवं समीक्षोपरान्त निम्नलिखित निर्णय लिये जाते हैः–

(i) विषयांकित कार्य की पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में सफल निविदाकार **Barhonia Engicon Pvt. Ltd.** के पत्रांक–**BEPL/PAT/01** दिनांक–01.01.2026, पत्रांक–**BEPL/PAT/02** दिनांक–01.01.2026 एवं पत्रांक–**BEPL/PAT/03** दिनांक–01.01.2026 द्वारा पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में सफल तीन निविदाकारों यथा **(1) Vidyarthi Construction Private Limited (2) Mahesh Kumar Singh** एवं **(3) Alam Enterprises & Brothers** के विरूद्ध दिए गए परिवाद अमान्य करने का निर्णय लिया जाता है।

(ii) उपभागीय ज्ञापांक–3894 दिनांक–30.12.2025 द्वारा संसूचित दिनांक–30.12.2025 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के निर्णय को यथावत् रखा जाय।

(iii) विषयांकित कार्य के पुनर्निविदा का वित्तीय बीड खोलकर शीघ्र विभागीय निविदा समिति के अनुमोदनार्थ उपस्थापित करने का निदेश मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को दिया जाय।

(iv) मुख्य अभियंता, उत्तर संबंधित परिवादी बीडर को समिति के निर्णय से अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

7.2 विभागीय निविदा समिति की इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर भी डाली जाय।

26/02/26

(मजीद अहमद)
आन्तरिक वित्तीय सलाहकार,
पथ निर्माण विभाग,
बिहार, पटना।

(सुनील कुमार सुमन)
मुख्य अभियंता,
उत्तर,
पथ निर्माण विभाग,
बिहार, पटना।

(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग,
बिहार, पटना।

(पंकज कुमार पाल)
सचिव,
पथ निर्माण विभाग,
बिहार, पटना।

ज्ञापांकः प्र0–7/निविदा–03–142/2025 1543 (E) पटना, दिनांक 26/02/2026

**प्रतिलिपिः–** मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित/आई0टी0 मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।